OPTIMUM

INTERNATIONAL SCHOOL

# CLASS – V

**Hindi** **Date:-17/04/2020**

- ➔ Learn the poem "Samay Bahot Mulyawaan Hai" 4 stanzas.

## 1 समय बहुत ही मूल्यवान है

### पढ़ने की तैयारी

- आपके लिए सबसे मूल्यवान क्या है?
- आप किसका त्याग करना चाहेंगे?
- किन्हीं तीन नदियों के नाम बताइए।


यह कविता समय के महत्व को बताती है। जीवन की विविध स्थितियों में बच्चे आत्मविश्वास से जी सकें, इसी को ध्यान में रखते हुए इस कविता का चयन किया गया है। मेहनत, समय का महत्व, परोपकार, अनवरत काम करने की लगन आदि गुण सफल जीवन जीने के लिए आवश्यक हैं। समय पर काम न करने वाले व्यक्ति बाद में पछताते हैं।

घूम लिए हम खूब बाग़ में
कर ली दुनिया की चर्चाएँ,
आओ बैठें झील किनारे
नए ढंग से पाठ पढ़ाएँ।



तिनका-तिनका चुनकर लाकर
बया घोंसला बुनती है,
जो मेहनत हाथों से करते
उनकी किस्मत बनती है।

त्याग नींद का मोह सवेरे
चिड़ियाँ हमें जगाती हैं,
मूल्यवान है समय बहुत ही
हम सबको बतलाती हैं।



दाना-दाना खोजबीन कर
चींटी अन्न जमा करती है,
बुरे समय के लिए बचाओ
यह शिक्षा हमको देती है।

देखो काँटे ओढ़-पहनकर
फूल सभी मुसकाते, खिलते,
वही सुखी जो सहे मुसीबत
इन जैसे ही हँसते-हँसते।



इसी नदी को देखो बहती
कभी न रुकती, दिन हो या शाम,
और करो कुछ और बढ़ो
कहती, लेती नहीं विश्राम।

पीपल, बरगद, नीम के नीचे
पथिक सदा करते आराम,
सज्जन कभी न दुख देते
आते सदा सभी के काम।



**–सावित्री परमार**

**शिक्षण-संकेत**

समय की महत्ता बताने वाली इस प्रेरक कविता को भावपूर्ण ढंग से सुनाकर बच्चों को दोहराने के लिए कहें। साथ-साथ कविता का यह निहितार्थ बताएँ कि समय पर काम करने वाला व्यक्ति सुखी रहता है और समय को नष्ट करने वाला बाद में पछताता है। बच्चों को कविता का भावार्थ लिखने के लिए प्रोत्साहित करें।

## शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| चर्चा | – | ज़िक्र, वार्तालाप *(discussion)* | |
| त्याग | – | छोड़ देना *(abandoning)* | |
| मूल्यवान | – | कीमती *(costly)* | |
| विश्राम | – | आराम *(relaxation)* | |
| सदा | – | हमेशा *(always)* | |
| किस्मत | – | भाग्य *(luck)* | |
| मोह | – | ममता *(affection)* | |
| खोजबीन | – | पता करना *(search)* | |
| पथिक | – | यात्री *(traveller)* | |
| सज्जन | – | अच्छा व्यक्ति *(gentleman)* | |

**श्रुतलेख (Dictation)** चर्चाएँ, घोंसला, शिक्षा, किस्मत, मूल्यवान, विश्राम, सज्जन, काँटा, हँसना।

# अभ्यास

## आइए बातचीत करें

*Speaking Skills*

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) तिनका-तिनका चुनकर कौन अपना घोंसला बुनती है?

(ख) कवयित्री ने बहुत मूल्यवान किसे बताया है?

## अब लिखा जाए

*Writing Skills*

**1. सही उत्तर के सामने '✓' लगाइए।**

(क) इस कविता से क्या संदेश मिलता है?

(i) समय को कभी मत खोना ☐ (ii) समय पर काम न करना ☐

(iii) काम को कल पर टालना ☐ (iv) समय पर ध्यान न देना ☐

(ख) किस प्रकार के लोग सबके काम आते हैं?

(i) दुर्जन लोग ☐ (ii) सज्जन लोग ☐

(iii) दोनों प्रकार के लोग ☐ (iv) स्वार्थी लोग ☐

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) चिड़ियाँ क्या-क्या करती हैं?

....................................................................................................

(ख) चींटी अपना काम कैसे करती है?

....................................................................................................

(ग) नदी से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?

....................................................................................................

(घ) वृक्ष क्या-क्या करते हैं? ..............................................................................
..............................................................................

(ङ) सज्जन पुरुष कैसे होते हैं? ..............................................................................
..............................................................................

**3. नीचे दी गई पंक्तियों के अर्थ अपने शब्दों में लिखिए।**

(क) त्याग नींद का मोह सवेरे
चिड़ियाँ हमें जगाती हैं,
मूल्यवान है समय बहुत ही
हम सबको बतलाती हैं।

..............................................................................
..............................................................................
..............................................................................
..............................................................................

(ख) इसी नदी को देखो बहती
कभी न रुकती, दिन हो या शाम,
और करो कुछ और बढ़ो
कहती, लेती नहीं विश्राम।

..............................................................................
..............................................................................
..............................................................................
..............................................................................



## भाषा-ज्ञान

*Language Learning Skills and Grammar*

**1. नीचे दिए गए शब्दों के विपरीत अर्थवाले शब्द लिखिए।**

(क) रुकना × ........................ (ख) नया × ........................

(ग) बुरा × ........................ (घ) सज्जन × ........................

**2. नीड़ - घोंसला नीर - जल**

इनका उच्चारण लगभग एक जैसा है, लेकिन वर्तनी और अर्थ अलग हैं। ऐसे शब्दों को श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द कहते हैं।

**निम्नलिखित श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए।**

(क) काँटा ........................
काटा ........................

(ख) दिन ........................
दीन ........................

(ग) अन्न ........................
अन्य ........................

(घ) हँस ........................
हंस ........................

3. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए।

(क) चर्चाएँ = ......................................
(ख) घोंसला = ......................................
(ग) चिड़ियाँ = ......................................
(घ) चींटी = ......................................

4. उचित क्रिया शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए।

(क) बया घोंसला ......................................। (पकाती है/बुनती है)
(ख) मेहनती लोगों की किस्मत ......................................। (सोती है/बनती है)


## हँसते-खेलते

**विषय संवर्धन गतिविधियाँ**
*Subject Enrichment Activities*

1. पेशेवर व्यक्ति क्या काम करते हैं? लिखिए।

(क) बढ़ई – ..............................
(ख) मोची – ..............................
(ग) माली – ..............................
(घ) धोबी – ..............................
(ङ) बिजली मिस्त्री – ..............................
(च) राजमिस्त्री – ..............................
(छ) लेखक – ..............................
(ज) रसोइया – ..............................

2. यदि चींटी अपनी 'कर्मठता' के लिए प्रसिद्ध है, तो नीचे जिन पशु-पक्षियों के चित्र दिए गए हैं, वे अपने किस गुण के लिए प्रसिद्ध हैं? लिखिए।


(क) ....................


(ख) ....................


(ग) ....................


(घ) ....................



## घेरा समय

1. 'बीते समय को लौटाया नहीं जा सकता'– इस पर घेरा समय में बातचीत कीजिए।
2. इस कविता को कंठस्थ करके घेरा समय में हाव-भाव के साथ सुनाइए।

****Link of Optimum Online E-Learning Platform:- [www.optimumschool.net/online](www.optimumschool.net/online)**
**In case of any query call at +91-9818033213**

OPTIMUM
INTERNATIONAL SCHOOL